आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 17.02.2026
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार जिले के ग्राम आर्यनगर–गाजीवाली में मुख्य सेवक की चौपाल कार्यक्रम में जनता की समस्याएं सुनीं। कहा– समस्याओं पर देरी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।
- मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने सभी विभागीय सचिवों को बाह्य सहायतित योजनाओं के तहत आगामी वर्षो के लिए नई योजनाओं का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए।
- सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत दो दिवसीय गुजरात दौरे पर। गांधीनगर में देशभर के राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सहकारिता मंत्रियों की उच्च स्तरीय बैठक में भाग लेंगे।
- रुद्रपुर में चल रहे सरस आजीविका मेले में पर्यावरण और पक्षी संरक्षण पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन।

<u>मुख्यमंत्री/चौपाल</u>

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार जिले के ग्राम आर्यनगर–गाजीवाली, श्यामपुर कांगड़ी में आयोजित मुख्य सेवक की चौपाल कार्यक्रम में जनता के बीच बैठकर सीधे संवाद किया। जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार अभियान के तहत आयोजित चौपाल कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों के ग्राम प्रधानों और स्थानीय नागरिकों ने अपनी–अपनी समस्याएं मुख्यमंत्री के समक्ष रखीं। मुख्यमंत्री ने प्रत्येक समस्या को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही समाधान सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि जनता की समस्याओं पर देरी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि "मुख्य सेवक की चौपाल" केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सरकार की जवाबदेही का जीवंत प्रमाण है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि आमजन को सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, बल्कि प्रशासन स्वयं उनके द्वार तक पहुंचे।

<u>मुख्य सचिव</u>

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने सभी विभागीय सचिवों को बाह्य सहायतित योजनाओं के तहत आगामी वर्षो के लिए नई योजनाओं का प्रस्ताव तैयार कर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सचिवालय में आयोजित सचिव समिति की बैठक में मुख्य सचिव ने विभागीय सचिवों को वित्तीय प्रबन्धन को बेहतर बनाने के लिए निर्धारित मानकों और नियमों के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने राज्य से जुडे पुरातन अभिलेखों का डिजीटलीकरण किये जाने पर बल देते हुए इनके आर्काइव के साथ ही सभी प्रमुख रिकार्ड रखने वाले विभागों और संस्थानों से इनकी उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा।

बैठक में मुख्य सचिव ने सभी सचिवों से उनकी विभागीय प्राथमिकताओं की जानकारी लेने के साथ ही सभी जिलाधिकारियों से वीडियो कांफ्रेंसिग के माध्यम से योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली समस्याओं की जानकारी ली। जिला स्तर पर अपनाई जाने वाली बेस्ट प्रेक्टिसेस के तहत अल्मोड़ा और पौडी के जिलाधिकारियों ने स्वास्थ्य सुविधाओं के विकास के लिए किये जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। मुख्य सचिव ने अगली बैठक में टिहरी और ऊधमसिंह नगर के जिलाधिकारियों से जिले में अपनाई जाने वाली बेस्ट प्रेक्टिसेस का प्रस्तुतिकरण देने को कहा।

ई–मेल/अलर्ट

उत्तरकाशी और नैनीताल जिलों के न्यायालय परिसरों व प्रमुख भवनों को बम से उड़ाने की धमकी भरा ई–मेल मिलने के बाद पुलिस–प्रशासन अलर्ट हो गया है। कल संबंधित जिलों में न्यायालय परिसरों और अन्य संवेदनशील स्थलों पर सघन तलाशी अभियान चलाया गया। कहीं भी विस्फोटक सामग्री नहीं मिली है। इसके साथ ही सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। इस बीच, राज्य मुख्यालय देहरादून से सभी जिलों के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को सतर्क रहने और सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा के निर्देश जारी किए गए हैं। सार्वजनिक स्थलों, बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों और न्यायालय परिसरों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि धमकी की सत्यता की जांच की जा रही है। साइबर सेल ईमेल और संदेशों की तकनीकी पड़ताल में जुटी है ताकि प्रेषक की पहचान की जा सके। फिलहाल किसी भी स्थान पर विस्फोटक सामग्री मिलने की पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध वस्तु या गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी थाने को दें और अफवाहों पर ध्यान न दें।

सहकारिता मंत्री

सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत आज और कल गुजरात के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह गांधीनगर में आयोजित देशभर के राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सहकारिता मंत्रियों की उच्च स्तरीय बैठक में भाग लेंगे। इस बैठक की अध्यक्षता केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह करेंगे। सम्मेलन में दो लाख नई बहुउद्देश्यीय प्राथमिक कृषि ऋण समितियों, डेयरी व मत्स्य सहकारी समितियों, आधुनिक वेयरहाउस नेटवर्क, राष्ट्रीय सहकारी संस्थाओं में राज्यों की भागीदारी, कंप्यूटरीकरण, राष्ट्रीय सहकारी डाटाबेस और मानव संसाधन विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी। इसके अलावा दाल व मक्का उत्पादन, साझा सेवा इकाइयों और अम्ब्रेला संरचनाओं की मजबूती, तथा राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम की योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा भी की जाएगी। डॉ. रावत, सम्मेलन में 'सहकार से समृद्धि' के तहत उत्तराखंड सरकार की सहकारिता योजनाओं, नवाचारों और भविष्य के रोडमैप को प्रस्तुत करेंगे और सुझाव साझा करेंगे। वे सहकारिता आंदोलन को मजबूत करने,किसानों की आय बढ़ाने, डेयरी और बहुउद्देश्यीय समितियों के विस्तार और सहकारी बैंकों की सुदृढ़ता पर भी चर्चा करेंगे।

## पर्यावरण सरंक्षण गोष्ठी

ऊधमसिंह नगर जिले के रुद्रपुर में आयोजित सरस आजीविका मेले के तीसरे दिन वन विभाग की ओर से पर्यावरण और पक्षी संरक्षण को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तराई केन्द्रीय वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी यू.सी तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम में वक्ताओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने बताया कि विषय विशेषज्ञों ने आम जन–मानस और छात्रों को पर्यावरण और पक्षी संरक्षण के प्रति जागरुक किया।

बर्ड वॉचिंग में रुचि रखने वाली छात्रा जिया कठायत ने बताया कि उन्हें पक्षियों के व्यवहार और कार्यप्रणाली को समझने का बचपन से शौक है। छात्रा ने बताया कि न्यूयॉर्क में होने वाली बर्ड वॉचिंग प्रतियोगिता में उकना चयन हुआ है।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर...

ए.आई शिखर सम्मेलन की खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्राथमिकता दी है–अमर उजाला पीएम मोदी के हवाले से लिखता है– एआई से न सिर्फ भारत, बल्कि विश्व के लिए तैयार करेंगे समाधान, दैनिक जागरण की सुर्खियां– अमीर–गरीब सभी देशों के लिए एआई की सुविधा सुनिश्चित करना भारत का लक्ष्य।

चारधाम यात्रा की तैयारियों में जुटी सरकार– इस खबर के शीर्षक में हिन्दुस्तान समाचार पत्र लिखता है– अब ऑनलाइन पंजीकरण पर लगेगा शुल्क, इस हफ्ते शुरू होगी रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया...

हरिद्वार हरकी पैड़ी क्षेत्र में गैर हिंदुओं के प्रवेश पर सीएम धामी की दो टूक– दैनिक जागरण इस शीर्षक के साथ खबर में लिखता है– साधु संतों और तीर्थ पुरोहितों से विचार विमर्श के बाद निर्णय लेगी सरकार।

कांग्रेस का लोकभवन कूच, पुलिस के साथ हुई नोकझोंक– हिन्दुस्तान समाचार पत्र इस शीर्षक के साथ खबर में लिखता है– देहरादून में महिला अपराध, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी समेत कई मुद्दों के खिलाफ कांग्रेस ने खोला मोर्चा।